Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

APEM LIVE NEWS सच का साथी

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित एवं प्रसारित)

Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01

सच का साथी

दैनिक डिजीटल अखबार | खबर ही नहीं, खबरों का विश्लेषण भी | दिनांक 29-09-2021 | अंक 13

प्रकाशन वर्ष : 2021 | बरही से प्रकाशित एवं संचालित | संपर्क सूत्र :7004315535,7004704981,9934337941



## न्युज ब्रीफ

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल, रेफर

**अपेम लाइव बरही**

**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**

बरही प्रखंड अंतर्गत खोड़ाहर पंचायत के कुण्डवा निवासी 28 वर्षीय सिकंदर भुइयां पिता महावीर भुइयाँ हज़ारीबाग़ रोड स्थित ब्ल०क गेट के सामने सड़क पार करने के दौरान स्कार्पियो की चपेट में आ गया जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया। आस पास के दुक. ानदारों एवं भापजा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष पप्पू चन्द्रवंशी ने तत्काल उसे अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। जहाँ उसे प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था में सदर अस्पताल हज़ारीबाग़ रेफर कर दिया गया।

### आरएनवाईएम कॉलेज में नामांकन के लिए 2 अक्टूबर से 6 अक्टूबर तक खुले रहेंगे पोर्टल

**अपेम लाइवः बरही**

रामनारायण यादव मेमोरियल कॉलेज बरही के प्राचार्य विमल किशोर द्वारा कॉलेज में स्नातक में नए विद्यार्थियों को नामांकन से संबंधित जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय द्वारा सेकेंड मैरिट लिस्ट 30 सितंबर को जारी किया जाएगा, मैरिट लिस्ट में रहने वाले विद्यार्थियों का नामांकन 9 अक्टूबर तक किया जाएगा, साथ ही तीसरे मैरिट लिस्ट के लिए 2 अक्टूबर से 6 अक्टूबर तक नामांकन फॉर्म भरने का पोर्टल खुला रहेगा, नामांकन फॉर्म भरने वाले विद्यार्थियों का तीसरा लिस्ट 8 अक्टूबर को जारी किया जाएगा, जिसमे शामिल विद्यार्थी 10 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक अपना नामांक करवा सकेंगे, साथ ही जिन विषयो में सीट खाली रहेगा उसके लिए पुनः 25 से 27 अक्टूबर तक नामांकन फॉर्म करने का पोर्टल खोला जाएगा

# विश्व हृदय दिवस पर विशेषः-

## असंतुलित खान पान एवं असंयमित लाइफ स्टाइल से बढ रहा है विश्व में हृदय रोगियों की संख्या, लक्षण आते ही शुरू करें इलाजः डॉ महेश कुश्वाहा

### नियमित एक्सरसाईज एवं खान पान पर नियंत्रण कर बच सकते है हृदय रोग से, नियमित चेकप जरूरी, डायबिटीज एवं बीपी रोगियों को विशेष ध्यान देने की है जरूरत

**अपेम लाइवः बरही**

**कृष्णा प्रजापति**



डॉ महेश कुश्वाहा



सर्जरी करते डॉ महेश कुश्वाहा




हृदय रोग से बचाव के 10 उपाय

आज विश्व हृदय दिवस है। इस दिवस को मनाने के पीछे एक खास मकसद है कि लोगों को हृदय रोग के प्रति जागरूक किया जा सके। इसलिए आज विश्व स्तर पर सेमीनार आयोजित कर दिल की बढती बिमारी के प्रति आम अवाम को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी कडी में झारखंड के जाने माने हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ महेश कुशवाहा भी झारखंड सहित अन्य क्षेत्र के लोगो को न केवल हृदय रोग से बचाने का उपाय बता रहे हैं, बल्कि समय समय पर सेमीनार आयोजित कर जागरूक भी कर रहे है।

डॉ कुशवाहा ने बताया कि हार्ट के मरीजों की संख्या हमारे देश में लगातार बढ़ रही है। इसके कई अलग-अलग कारण है।। मुख्य कारणों में खान-पान से जुड़ी लापरवाही और शारीरिक गतिविधियों की कमी शामिल है । यह दोनों ही कारण कोरोनारी आर्टिज में गैरजरूरी ब्लॉकेज को बढ़ाते हुए व्यक्ति हृदय रोग से चपेट में आ जाता है । हृदय रोग में कई तरह की समस्याएं शामिल होती हैं। जो हृदय के कार्यों को प्रभावित करती है।मौजूदा समय में जिस बीमारी के कारण सबसे ज्यादा लोगों की मौत हो रही है। वह है दिल की बीमारी । कई बार लोगों को इस बीमारी का पता भी नहीं चल पाती और उनकी मौत हो जाती है। इसलिए जरूरी है कि शुरू में ही इस बीमारी को होने से रोक दिया जाए । झारखंड के रांची शहर में डॉक्टर महेश कुशवाहा हृदय रोग से संबंधित समस्याओं का निदान कर हजारो मरीजों को बेहतर जीवन दान दे रहे हैं । डॉक्टर महेश कुशवाहा कई बार बरही आकर भी लोगों को हृदय संबंधी रोगों से जागरूक करने का प्रयास करते रहे हैं

डॉ० महेश कुशवाहा भारत के सर्वश्रेष्ठ हृदय विशेषज्ञों में से एक है । डॉक्टर महेश कुशवाहा जो झारखंड व आ. सपास के क्षेत्रों में विश्व स्तरीय हृदय उपचार प्रदान कर रहे हैं उन्होंने अब तक कई जटिल हृदय रोगों से ग्रस्त मरीजों का सफल इलाज कर बेहतर स्वास्थ्य प्रदान किया है।

इनका व्यवहार मरीजों के प्रति बहुत ही विनम्र है जिसके कारण मरीज इनके तरफ खींचे चले आते हैं । डॉ० महेश कुशवाहा ने लगभग 8000 से ज्यादा एंज्योग्राफी, पेसमेकर एनजीओप्लास्टी, सीआरटी एवं आईसीडी इंप्लांटेशन का इलाज सफलतापूर्वक कर चुके हैं।

ड० महेश कुशवाहा ने हृदय रोगों के प्रकारों की जानकारी देते हुए बताया की हृदय रोगों में हार्ट अटैक, कोरोनरी धमनी रोग, हार्ट फेल्योर, जन्मजात हृदय रोग, व्यस्क हृदय रोग, पेरीकार्डियल हार्ट डीजीज, वाल्यूर हृदय रोग, गर्भावस्था से संबंधित हृदय रोग, हाइप. रटेंशन से संबंधित हृदय रोग, मधुमेह हृदय रोग, किडनी से बीमार हृदय रोग, दिल की धड़कन से संबंधित हृदय रोग, संक्रमण से संबंधित हृदय रोग, अनुवांशिक हृदय रोग आदि रोग होते है। जिसका सफल इलाज संभव है।

**हृदय रोग संबंधी प्रमुख लक्षण**; हृदय रोग से संबंधित प्रमुख लक्षणः सीने में दर्द या सांस लेने में तकलीफ, एडिमा या सूजन, थकावट महसूस करना, सांस लेते वक्त घबराहट, लगातार खांसी आना, सोचने समझने की क्षमता पर असर पड़ना, जी मचलना एवं भूख लगना, कम लगना, दिल की धड़कन बढ़ जाना

**हृदय रोग से बचने का उपाय।** हृदय रोगों से बचने के लिए जरूरी है कि आप अपने खानपान पर पूरा ध्यान रखें। शारीरिक गतिविधियों में अधिक से अधिक भाग लें। धूम्रपान एवं शराब से दूर रहें । किडनी डिजीज एवं अन्य रोगी को ज्यादा दिक्कत महसूस हो तो तुरंत विशेषज्ञ डॉक्टर से सलाह लें।

**हार्ट एटैक से संबंधित बीमारी का खतरा बढने वाले फैक्टर्स में शामिल हैं** हायपरटेंशन, कॉलेस्ट्रॉल का अधिक बढना, डायबिटीज, वजन ज्यादा बढना, खराब डाइट, एक्सरसाइज की कमी। खान पान में की गई ला. परवाही के कारण कॉले. स्ट्रॉल और कैल्शियम जैसे तत्व हृदय की धमनियों यानि हार्ट आर्टरीज में जमा हो जाते हैं। इन धमनियों के जरिए हो रहे रक्त प्रवाह को बाधित करते हैं। इस कारण आपके हृदय तक जरूरी मात्रा में रक्त नही पहुंच पाता है और ऐसे में आप हृदय रोग का शिकार बन सकते हैं।

## निर्वाचित जन प्रतिनिधियों को विकास का हिसाब देना होगाः भुनेश्वर यादव

### सद्भावना सह स्वाभिमान यात्रा के तहत जनसम्पर्क जारी

**अपेम लाइव बरही**

**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**



जन सम्पर्क करते भुनेश्वर यादव

सद्भावना सह स्वाभिमान यात्रा के 29वें दिन समाजसेवी भुनेश्वर यादव ने बरही प्रखंड के जरहिया, रानी. चुआं, दुलमाहा, नईटांड, महुगाढा ईगाँव का दौरा कर विकास कार्यक्रम का जायजा लिया। ग्रामीणों से पूछा अब तक आप लोगो ने जिन्हें अपना प्रतिनिधि बनाया उन्होंने कितना विकास का कार्य किया। नुक्कड सभा कर लोगों को आगाह करते हुए कहा कि बरही विधानसभा के जनप्रतिनिधि पिछले कई वर्षो से यहां पर निजी स्वार्थ के कारण अपना मूल कर्तव्य भूलकर धन संचय में लगे हुए हैं । यहां की जनसमस्याओं से इन्हें कोई लेना देना नही है । आज बरही विधानसभा विकास की राह से कोसो दूर नजर आती है । आये दिन यहां पर कभी अगडे - पिछडे , कभी जाति -धर्म नाम पर राजनीति कर लोगों का नजरिया भटकाने का प्रयास किया जाता है । उन्होनें लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि आइए हम सब मिलकर एक जनआंदोलन खडा करके यहां के जनप्रतिनिधियों एवं राजनितिक दलों को यह संदेश दे कि अब बरही विधानसभा मे किसी की मनमानी नही चलेगी । अब आपको विकास करना ही पडेगा ।

## सड़क दुर्घटना में घायल लड़की को कोबरा अधिकारी ने पहुँचाया अस्पताल, कराया इलाज

**अपेम लाइव बरही**

**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**




घायल लड़की का इलाज कराते कोबरा के अधिकारी

ड्यूटी से लौट रहे बरही कोबरा 203 के द्वितीय कमान अधिकारी अमित कुमार ने एनएच-33 रोड पर दुर्घटना में घायल एक लड़की को सदर अस्पताल हजारीबाग पहुंचाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सड़क दुर्घटना में घायल लड़की का नाम जूही कुमारी पिता अजय नाथ पटना के निवासी है। जूही अपने माता पिता के साथ हज़ारीबाग़ से वापस पटना लौट रही थी। इसी बीच उनका कार रोड के किनारे खड़ी एक ट्रक से टकरा गई । जिसमें जूही बुरी तरह घायल हो गई । हज़ारीबाग़ से लौट रहे कोबरा 203 के द्वितीय कमान अधिकारी अमित कुमार ने अपने वाहन से उसे सदर अस्पताल हज़ारीबाग़ पहुंचाया । इस कार्य मे उनके साथ सहयोगी में हवलदार देव. ेन्द्र कुमार, ड्राइवर मुस्ताक अहमद, सिपाही सद्दाम बोरो, आफताब एवं कोबरा के अन्य जवान शामिल थे । कोबरा के जवानों ने यह साबित कर दिया कि भारतीय जवान न केवल देश की रक्षा के लिए तत्पर रहते हैं। अपितु समाज में भी जब उनकी जरूरत होती है तो वे अपने कर्तव्यो से पीछे नही हटते है।

## नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में श्रुति सिवाने ने सफलता पाई

**अपेम लाइव बरकट्ठा**

**मानव राज सिंह**



राज्यकीय मध्य विद्यालय बरकट्ठा की छात्रा श्रुति सिवाने ने नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में उतीर्ण हुई है । श्रुति ने अपनी सफलता का श्रेय पिता संजय कुमार दास ,माता आशा देवी एवं शिक्षक अजय कुमार को दिया है अजय कुमार ने कहा कि कोई भी विद्यार्थी अपने अच्छी रणनीति और कड़ी मेहनत से इस परीक्षा को सफल कर सकते हैं।

APEM LIVE




डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, धनंजय कुमार एडिटिंगः कृष्णा प्रजापति मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनित कुमार, कपिल प्र० केशरी

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## भाजपा ओबीसी मोर्चा की ओर से आरएनवाईएम कॉलेज में अनुमंडल स्तर पर बुजुर्ग वा लाभार्थी सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

**अपेम लाइव बरही**

**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**

बरही में बुधवार को भाजपा प्रदेश द्वारा निर्देशित सेवा ही समर्पण अभियान कार्यक्रम के निमित प्रतिभावान बुजुर्ग व लाभार्थी सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन आरएनवाईएम कॉलेज परिसर सभागार में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओबीसी मोर्चा के पाश्चमी मंडल अध्यक्ष मनोज साव ने किया। मंच संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज साव ने किया। बतौर मुख्य अतिथि भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव एवं बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव शामिल हुए। इसके अलावा भा. जपा ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रमंडल प्रभारी किशुन यादव, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भाजपा नेता रंजीत चन्द्रवंशी, गजाधर साव, मुकुंद साव, जिला उपाध्यक्ष रामचन्द्र चौधरी, जिला मंत्री सुरेश प्रजापति, राजदेव यादव शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तस्वीर पर पुष्प अर्पित एवं दीपप्रज्वलित कर किया गया। जिसके बाद अनुमंडल के आठों ओबीसी मोर्चा के मंडल अध्यक्षो ने 51 किलो का माला पहनाकर मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अम. रदीप यादव ने अपने वक्तव्य में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। इस परिसर में एक साथ इतने बुजुर्गो का आशीर्वाद और दर्शन करने का सा. भाग्य उन्हें प्राप्त हुआ है। इस परिसर में सभी सदस्य परिवार की तरह हैं। परिवार व्यवस्था भारत की ही विश्व को देन है, जिसमें बुजुर्ग परिवार में अपने अनुभवों के आधार पर बच्चों को कम प्रयास से ही अच्छे से शिक्षित दीक्षित करते है। आज वर्तमान में आवश्यकता है कि अनुभव के आधार पर जो योग्यता इन बुजुर्गो ने अर्जित किया है, उसको किस प्रकार से समाज उपयोगी कार्य में लगाया जाए। हम सबको भी चाहिए कि यह बुजुर्ग जो समाज में रह रहे हैं उनके अनुभवों का समाज के लिए लाभ उठाते हुए कार्य करें। बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि भाजपा पीएम के जन्मदिन को सेवा और समर्पन दिवस के रूप में मना रही है। इसी निमित सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। सम्मान समारोह में सेवानिवृत्त हुए बुजुर्ग व शिक्षकों को सम्मानित कर सुखद अनुभूति हो रही है। साथ ही कहा कि बुजुर्गो का सम्मान करना हमारी परंपरा है।

**इन्हें किया गया सम्मानित :** ओबीसी पूर्वी मंडल से पूर्व प्रमुख रामसहाय महतो, पशुपालन विभाग से सेवानिवृत्त हुए रामेश्वर यादव, सेवानिवृत्त शिक्षक बासुदेव प्रसाद, किसान लाभार्थी हरि महतो, लाभार्थी लालधारी सिंह, महावीर रविदास, सेवानिवृत्त शिक्षक भोला महतो, जागेश्वर प्रसाद, सेवानिवृत्त पशुपालन विभाग से रामेश्वर यादव, पूर्व सरपंच कुलदीप चन्द्रवंशी, सेवानिवृत्त शिक्षक युगल पांडेय, ओबीसी पश्चिमी मंडल से पीडब्लूडी से सेवानिवृत्त हुए रामनारायण साव, सेवानिवृत्त पोस्टमा. स्टर बासुदेव साव, किसान लाभार्थी बालेश्वर यादव, एयर फोर्स से सेवा. निवृत्त हुए लालधारी साहू, बीएसएल से सेवानिवृत्त हुए महेश साहू, प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी, सेवा. निवृत्त बैंक ऑफिसर जगदीश प्रसाद केशरी, सेवानिवृत्त फौजी सैनिक रामसहाय गोप, सेवानिवृत्त शिक्षक युगलकिशोर पंडित, ओबीसी बरकट्ठा मंडल से जगु यादव, संजय मंडल, टुकलाल प्रसाद, गोरवा देवी, बसन्ती देवी, अनिल कुमार, बेडोकला मंडल से लालधारी पासवान, बीरेंद्र हेम्ब्रम, टुकलाल पंडित, सुरेंद्र कुमार, चलकुशा मंडल से रामदेव यादव, महावीर राणा, संजय मोदी, बिंदु मोदी, रामकिशुन यादव, ओबीसी मंडल चौपारण से बालेश्वर राम, बृजनन्दन सिंह, लालो गंझू, ढालो विश्वकर्मा, सुनील यादव, केवल साव, रामवृक्ष यादव, उत्तम गंझू सहित अन्य लोग शामिल है।मौके पर परमेश्वर यादव, विहिप जिला सहमंत्री गुरुदेव गुप्ता, पूर्व मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, पंचमाधव हरेंद्र गोप, विजय यादव, भाजपा युवा नेता रितेश गुप्ता, टेकलाल महतो, डिलो पासवान, शिवा निषाद, अरविंद कुमार, मुकेश कुमार, शीतल साहू, कांति देवी, पप्पू चंद्रवंशी, नीरज शर्मा, ओबीसी पूर्वी मण्डल अध्यक्ष मुन्ना यादव, पश्चिमी मण्डल अध्यक्ष मनोज साव, अजय कुमार, अर्जुन रविदास, प्रद्युम्न सिंह, सुरेश यादव, नितेश कुमार, पिंटू यादव, बिनोद यादव, रा. जकुमार यादव, अमित सिंह उर्फ छोटू, प्रो बद्री साव, दिनेश यादव, भूपेंद्र यादव, इंद्रदेव ठाकुर, दामोदर प्रसाद, हरि यादव, प्रकाश साव, नरेश प्रसाद, ब्रह्मदेव यादव, केशो यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।



अतिथियों को माला पहनाकर स्वागत करते


मुख्य अतिथि के साथ भाजपा कार्यकर्ता के सदस्य

## आज का प्चिंाड्ग----

आज का अंग्रेजी दिनांकः---30.09.2021

शुभसंवत् :---2078(आनंद)

शकेः---1943

याम्यायन सौम्यगोलेरु

ऋतु ---शरद

माहः---अश्विन

पक्षः---कृष्ण पक्ष.

तिथिः--- नवमी तिथि

दिनः---गुरुवार

नक्षत्रः---पुनर्वसु नक्षत्र

योगः---परिघ

करणः---गर

सूर्योदय :---प्रातः 06:05

सूर्यास्त : संध्या 05:55

सूर्य :---कन्या राशि में

चंद्रमा :---मिथुन राशि में संध्या 04:46 उपरांत कर्क राशि में

आज का राहूकाल दिनः---01:30 बजे से

दिनः---03:00 बजे तक

अभिजीत मुहूर्तः--दोपहर 11:36 से 12:24 तक

(नोटः---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)

आज का पर्व त्यौहार,मुहूर्त व खासः---आज नवमी का तर्पण व श्राद्ध होगा। व संतान की लम्बी आयु हेतु जितिया व्रत का पारण सूर्योदय के बाद होगा।



**आलेख ---**

संदीप शर्मा

(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)

पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा

सम्पर्क सूत्र-9931585660

## बरकट्ठा अंचल कार्यालय व्याप्त लापरवाही एवं भ्रष्टाचार के विरोध में एक अक्टुबर को होगा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन : भोला प्रसाद

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**

**मानव राज सिंह**

भाजपा बेडोकला मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद ने एसडीओ को आवेदन देकर सूचित किया है कि बरकट्ठा अंचल के कर्मियों के द्वारा जनता के काम में रूचि नही लेने से आम जनता परेशान है। बताया कि बरकट्ठा अंचल कार्यलय में सीआई दीपक कुमार तथा अन्य कर्मचारियों के द्वारा आम जनता के कार्य में कोई रुची नहीं लेने के कारण , जनता इन भ्रष्ट अधिकारियों के पीछे चक्कर लगा लगा कर परेशान हैं। पूरे प्रखंड में दाखिल खारिज, एलपीसी, प्लाट अ०नलाइन तथा आय जाति आवासीय प्रमाण पत्र के लिए परेशान है। प्रमाणपत्र को महीनों लंबित रखने का आदत के कारण युवा अपना नौकरी तथा छात्रवृत्ति से हाथ धो रहे हैं। अंचलकर्मियों असंवेदनशीलता के कारण क्षेत्र में छोटे-छोटे जमीनी विवाद निपटारा नहीं होने के स्थिति में बड़े बड़े जमीनी विवाद से मर्डर जैसे घटना की स्थिति उत्पन्न होते रहती है। स्थानीय पुलिस को भी क्षेत्र में अमन शांति कायम रखने में कठिनाई की सामना कर रही है। इसी तरह जल्द एलपीसी नहीं देने के कारण, शादी ब्याह जैसे कार्यों में भी आम जनता अपने जमीन को खरीद बिक्री नहीं कर पा रहे हैं। दाखिल खारिज के आवेदन को बिना कारण ही निरस्त किया जाता है, जिसके कारण आम जनता महीनों कोर्ट के चक्कर तथा आर्थिक बोझ तले दब रहे हैं। भोला प्रसाद ने बरकट्ठा के वासियों अपील किया है कि दिनांक 1 अक्अुबर 2021 को अंचल कार्यालय के सामने भारी संख्या में आकर अंचल कार्यालय के विरुद्ध अपना आक्रोश प्रकट करें। आपका सहयोग से ऐसे भ्रष्ट पदाधिकारियों से लड़ने का प्रेरणा पैदा करेगी।

## फोन पर पत्रकार को धमकी देनेवाला युवक का मामला पहुंचा थाना, मांगी माफ़ी

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**

बरकट्ठा प्रखण्ड के एक दैनिक अख़बार के पत्रकार के साथ फोन पर धमकी देनेवाला युवक को जब कानून का शिंकजा गले मे फंसता दिखा तो बाकायदा उसने सार्वजनिक तौर पर माफ़ी मांग कर अपनी गलती स्वीकार की। बरकट्ठा थाना क्षेत्र के सलैया निवासी कुंजबिहारी प्रसाद पिता प्रमेश्वर प्रसाद को एक सवांददाता साथ फोन पर अभद्र भाषा का प्रयोग व धमकी देना महंगा पड़ा। पुलिस के द्वारा युवक को पकड़कर थाना लाया गया। जहां छानबीन के बाद थाना में लोगों के समक्ष माफी मांगनी पड़ी। गौरतलब हो कि सलैया वनप्रक्षेत्र में 26 सितंबर को अतिक्रमण के विरुद्ध विभागीय कारवाई करते हुए आठ लोगों पर प्राथमिकी दर्ज हुई थी। जिसमें कुंजबिहारी प्रसाद नामज़द अभियुक्त है। इस खबर को विभिन्न दैनिक हिंदी अखबारों में प्रकाशित किया गया। अखबार में नाम आने पर उक्त युवक ने एक हिन्दी दैनिक अखबार के संवाददाता से फोन पर अभद्र भाषा का प्रयोग किया व धमकी दी। इस मामले में पत्रकारों का हितार्थ पत्रकार संगठन अपेम ने गंभीरता से लिया। अपेम अध्यक्ष के द्वारा मामले को एसडीपीओ बरही को दी गई। मामले को लेकर युवक के विरुद्ध पत्रकार ने थाने में शिकायत की। जिसके फलस्वरूप थाना प्रभारी ने उक्त युवक को पुछताछ के लिए थाना बुलाया व छानबीन की। पुछताछ में युवक ने थाने में उपस्थित सभी के समक्ष अपनी गलती को स्वीकार किया।वहीं उसने एक लिखित माफीनामा दिया।जहां कहा गया कि अब इस तरह की पुनरावृत्ति किसी के साथ नहीं किया जाएगा। मौके पर थाना प्रभारी समेत सलैया पंचायत के पूर्व मुखिया इंद्रदेव प्रसाद, अपेम संगठन के सुनिल श्रीवास्तव, ईश्वर यादव, परमानंद पाण्डेय, पंकज कुमार, अनिल कुमार वर्णवाल समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## पदमा थाना प्रभारी के सौजन्य से फुटबॉल टूर्नामिंट का आयोजन कल

**अपेम लाइव : पदमा**

**ओम प्रकाश मेहता**

पदमा थाना प्रभारी अजीत कुमार के सौजन्य से पंचायत स्तरीय फुटब०ल टूर्नामेंट का आयोजन कल से किया जा रहा। सभी मुकाबले पदमा प्रखंड के गरवा गांव के स्वामी विवेक. ानंद मैदान में खेला जाएगा। इस संबंध में उन्होंने बताया कि पदमा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से टीम भाग ले रही हैं तथा उन्होंने सभी टीमों के कप्तान से आग्रह किया है टीम के साथ समय पर पहुंचे तथा अपने खेल के प्रदर्शन को दिखाए


## बैंकों के सकारात्मक सहयोग नहीं मिलने से संघ में आक्रोश प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया ज्ञापन

## बीडीओ को पत्र के माध्यम से बैंक खाता खुलवाने में परेशानी से अवगत कराया गया

**अपेम लाइव चलकुशा**

**बिकम सिंह**

अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने उपायुक्त एवं शिक्षा विभाग के आद. ेशानुसार विद्यालय में नामांकित बच्चों हेतु सरक. ारी आर्थिक लाभ जैसे निःशुल्क पोषाक, निःशुल्क साइकिल, छात्रवृत्ति, मध्यान भोजन प्रतिपूर्ति भत्ता की राशि सीधे बच्चों के बैंक खाते में हस्तांत. रित हेतु बैंक खाता की मांग की गई है। परंतु चलकुशा के सभी बच्चों के बैंक खाता उपलब्ध नहीं हैं। इस संबंध में अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष श्री संतोष कुमार सचिव श्री महेंद्र राम एवं पारा शिक्षक संघ के अध्यक्ष श्री प्रमोद पांडेय द्वारा बैंकों के शाखा प्रबंधकों ने छात्रों का खाता खोलने में विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को सहयोग नहीं करने के कारण प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन दिया। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने बीडीओ को अवगत कराते हुए कहा है कि विभागीय आदेश से शिक्षक/ बच्चों के अभिभावक बैंक के शाखा में जाते हैं किंतु बैंक द्वारा उन्हें अपेक्षित सहयोग नहीं मिलता है जिसका शिकायत शिक्षकों द्वारा बार-बार किया जा रहा है ।इस संबंध में बैंकों को लिखित प्रतिवेदन भी उपलब्ध कराई गई जिसे संलग्न की जा रही है ।अतः बीडीओ महोदया से आग्रह है कि प्रखंडाधीन बैंक प्रबंधकों के नाम एक कार्यालय आदेश जारी कर खाता खोलने हेतु निर्देशित की जाए। पत्र की प्रतिलिपि जिला शिक्षा पदाधिकारी हजारीबाग को भी भेजी गई है।


बीडीओ को ज्ञापन सौपते शिक्षक

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर


## दक्षिण अफ्रीका में पड़ा है विष्णुगढ़ के मजदूर बाबूराम सोरेन का शव, परिजनों ने लगाई वापसी की गुहार

**अपेम लाइवःविष्णुगढ़**

**मिथलेश कुमार वर्मन**



शव के इंतजार में रोते बिलखते परिजन

विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत खरना पंचायत के भंडेरी ग्राम निवासी बाबूराम सोरेन (31) पिता शुकर मांझी का शव लगभग 12 दिनों से दक्षिण अफ्रीका में पड़ा हुआ है। घटना के इतने दिन बीतने के बावजूद शव के स्वदेश नहीं लौटने से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। बता दें कि बीते 17 सितम्बर को दक्षिण अफ्रीका के मरुतानियां स्थित नोक शॉट शहर में बाबूराम सोरेन की मौत हो गयी थी। शव को वापस मंगाने को लेकर परिजन कई जगहों पर लगातार गुहार लगा रहे हैं, लेकिन अभी तक कोई पहल नहीं होता देख परिजनों में निराशा झलक रही है। मृतक मजदूर के पिता सुकर मांझी ने बताया कि परिवार की खराब आर्थिक हालात को देखते हुए मार्च 2019 को बेटा बाबूराम सोरेन कल्पतरू पावर ट्रांसमिशन कंपनी में काम करने दक्षिण अफ्रीका के मरुतानियां गया था। वह घर का एकलौता कमाने वाला सदस्य था। उसी की कमाई से परिवार का गुजर-बसर होता था। वह वहां रसोइया का काम कर रहा था। काम के दौरान अचानक सीने में दर्द की शिकायत पर उसे हॉस्पिटल ले जाया गया। हॉस्पिटल में कंपनी के डॉक्टर की लापरवाही के कारण उचित इलाज नहीं होने से उसकी मौत हो गयी। इस संबंध में कंपनी के द्वारा भी कोई सार्थक जवाब नहीं दिया जा रहा है, जिससे पूरा परिवार परेशान है। मृतक की पत्नी दशमी देवी का आरोप है कि पति की मौत कंपनी के डॉक्टर के लापरवाही से हुई है। मौत के बाद कंपनी द्वारा भी कोई सूचना नहीं दी गई। उसके साथियों ने फोन कर घटना की जानक. ारी दी। उन्होंने कंपनी से परिवार एवं बच्चों के पालन पोषण के लिए सम्मानजनक मुआवजा राशि भुगतान तथा शव को घर तक पहुंचाने की व्यवस्था करने की मांग की है। इधर, प्रवासी मजदूरों के लिए कार्य करने वाले समाजसेवी सिकन्दर अली भी लगातार कंपनी से संपर्क कर मामले को हल करने में जुटे हैं। कल्पतरू पावर ट्रांसमिशन कंपनी के अधिकारियों से बातचीत कर उचित मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। मृतक बाबूराम सोरेन अपने पीछे पत्नी दशमी देवी, 6 वर्षीय पुत्र विकास सोरेन तथा अपने वृद्ध माता पिता को छोड़ गया है।

## साल गुजरने के बाद भी नहीं सुधरी हालात, कभी गाड़ियों को तो कभी आदमी को रही क्षति

## सड़क निर्माण एंजेसी के लापरवाही से दर्जनों लोंगो की हो चुकी है मौतः रघुनाथ सिंह

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**

**अजित कुमार**



नाली में फंसा हुआ ट्रक

बरकट्ठा एनएच2 सड़क निर्माण कर रही कंपनी राजकेशरी प्राइवेट लिमिटेड की लापरवाही के कारण प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों लोंगो की मौत हो चुकी हैं । इस संबंध में स्थानीय मुखिया रघुनाथ सिंह ने कहा की जीटी रोड किनारे बसे लोगों को बड़ी गाड़ियों के लगने से हुए आमदनी पर निर्भर हैं,उन गाड़ियों को सुविधा मुहैया कराना ओर देखभाल करना प्राथमिकता होती है ,पर जबसे सिक्स लेन चौड़ीकरण में संवेदक रा. जकेशरी द्वारा कार्य किया जा रहा है तबसे जीटी रोड पर व्यवसाय करने वालों पर भारी आफत आ पड़ी है। इनके आधा अधुरा काम से दर्जनों मौतें हो चुकी है। आज उसी का नतीजा है कि ट्रक संव UP-63T - 8994 दूर से चलकर अपने गंतव्य स्थान पहुंचने के दौरान घंघरी मुखिया रघुनाथ सिंह का होटल के पास रुकना चाहा तो निर्माण कंपनी के अधुरे कार्य के कारण नाली मे जा फंसा, ट्रक के टायर फटने से ड्राइवर को लगभग 20 हज़ार का नुकसान हो गया। लगभग 9 माह होने के बावजूद अबतक कंपनी द्वारा उक्त स्थल का कार्य पूरा नही किया गया। अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष सह जिला मीडिया प्रभारी प्रमोद गुप्ता ने कहा की आये दिन 24 घण्टा सैंकड़ो लोगों का वहां से आना जाना होता है कोई गिर जाए या फंस जाय तो परिणाम दर्दनाक होगा। कई मर्तबा शिकायत के बाद भी किसी अधिकारी को इस बात की परवाह नही । छोटे से बड़े अधिकारियों का फोन लगाने पर उठाते भी नही। इनके इस लापरवाही पर सालों से स्थानीय लोगो ओर जनप्रतिनिधियों द्वारा आवाज भी उठाया गया पर आजतक इनपर कोई असर न हुआ।

## विधायक ने किया प्रखंड मुख्यालय का औचक निरीक्षण, अंचलाधिकारी को सुधार का निर्देश

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**

**अजित कुमार**



अंचलाधिकारी से बात करते विधायक

बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने प्रखंड मुख्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अंचलाधिकारी श्रीकांत मांझी से मिलकर सैकड़ों रैयतों का दाखिल खारिज रद्द करना, सैकड़ों विद्यार्थियों का जाती, आय, एवं आवासीय प्रमाण पत्र समय पर नहीं बनना जैसी समस्याओं को लेकर कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी अपना काम समय पर पूरा करें या अपना तबादला कहीं और करवा लें। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि बरकट्ठा अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार चरम पर है, सारा काम ठप हो गया है। मैं निर्दलीय विधायक भाजपा के द्वारा एक अक्टूबर को प्रस्तावित प्रखंड मुख्यालय में एक दिवसीय धरना को समर्थन करता हूं। मौके पर केदार साव, इंद्रदेव यादव, भोला मंडल, राजकुमार यादव, निजाम अंसारी, समीम अंसारी, सहदेव यादव, टुकलाल नायक, समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## यूएचएस झुरझुरी में विद्यालय प्रबंधन समिति का हुआ गठन, अध्यक्ष बने लोकनाथ

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**

**अजित कुमार**



विद्यालय प्रबंधन समिति का चुनाव करते ग्रामीण

बरकट्ठा प्रखंड के उत्क्रमित हाई स्कूल झुरझुरी में बुधवार को विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किया गया। इस निमित्त विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं के अभिभावकों को बुलाया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में अभिभावक व ग्रामीण उपस्थित हुए। सभा की अध्यक्षता झुरझुरी मुखिया प्रतिनिधि भीम प्रसाद तथा संचालन प्रभारी प्रधानाध्यापक मोहम्मद अनवर हुसैन के द्वारा किया गया। समिति गठन के लिए पर्यवेक्षक के रुप में उपस्थित सीआरपी रामकृष्ण पांडेय ने अभिभावकों के समक्ष चयन की प्रक्रिया को पढ़कर सुनाया तत्पश्चात उपस्थित अभिभावकों में से कुल 12 सदस्यों का चयन किया गया जिसमें 6 महिलाएं एवं 6 पुरुष चयनित किए गए। चयनित 12 सदस्यों में वोटिंग के माध्यम से अध्यक्ष के लिए लोकनाथ प्रसाद तथा उपाध्यक्ष के लिए पार्वती कुमारी का चयन हुआ। पर्यवेक्षक रामकृष्ण पांडेय ने बताया कि विद्यालय प्रबंधन समिति में सदस्यों की संख्या 19 होगी जिसमें12 सदस्य अभिभावक से तथा शेष सात सदस्य पदेन हैं। विधिवत चयन के बाद सभा अध्यक्ष के द्वारा सभा समाप्ति की घोषणा की गई। मौके पर पर्यवेक्षक रामकृष्ण पांडेय, प्रधानाध्यापक मोहम्मद अनवर हुसैन, मुखिया प्रतिनिधि भीम प्रसाद ,रामेश्वर प्रसाद, लाल मुनी प्रसाद, बबुन मियां, शहजाद मियां विनोद प्रसाद ,लोकनाथ प्रसाद ,पार्वती कुमारी, सुनीता देवी समेत सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## विधायक ने चलकुशा प्रखंड मुख्यालय का किया दौरा, ली पीएम आवास की जानकारी

**अपेम लाइव : चलकुशा**

**विक्रम सिंह**



योजनाओं की जानकारी लेते विधायक

बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने चलकुशा प्रखंड एवं मुख्यालय का दौरा किया इस दौरान चलकुशा प्रखंड के 9 पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोगों से प्रत्येक पंचायत सड़क बिजली प्रधानमंत्री आवास आवासीय जाति भूमि संबंधित जन समस्याएं सुनी। विधायक श्री यादव ने बताया कि चलकुशा प्रखंड में जो बिजली की समस्या है उसका जल्द निदान कर दिया जाएगा क्योंकि चल. कुशा पावर सब स्टेशन का 33 हजार तार का कार्य कोडरमा जिला के परसाबाद होते हुए चलकुशा पावर सब स्टेशन में जोड़ा जाएगा इससे चलकुशा प्रखंड में बिजली की समस्या दुर होगी । जिससे लोगों को बिजली की समस्या से निजात मिलेगी विधायक ने प्रखंड विकास पदाधिकारी समरेश प्रसाद भंडारी एवं अंचल अधिकारी शशीकांत सिंकर से मुलाकात कर सारी समस्याएं से अवगत कराया और जल्द से जल्द निदान करने की बात कही मौके पर सांसद प्रतिनिधि सुबोध चौधरी विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह उपप्रमुख दुर्गा यादव भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक वर्णवाल पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र साव उपाध्यक्ष विजय चौधरी महामंत्री श्याम सुंदर यादव अजय सिंह वरिष्ठ नेता भोला सिंह युवा मोर्चा अध्यक्ष वासुदेव यादव मोहसिन कमाल गोविंद चौधरी इंदर देव चौधरी राम प्रसाद यादव पिंटू मोदी लखन साव अवधेश सिंह सुनील पा. सवान रामदेव यादव वासुदेव साव रा. जकुमार पंडित विक्रम सिंह दिलीप चौधरी सुनील सिंह इत्यादि लोग शामिल थे।


**अपेम लाइव न्यूज में विज्ञापन के लिए**

**संपर्क करें :- सोनू पंडित, मो0 9550809864**


## ओम कुमार साव के हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं होने से नाराज परिजन बैठे अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर

## भाकपा ने किया समर्थन, अतिशीघ्र गिरफ्तारी नहीं होने पर सड़क पर उतरने की दी चेतावनी

**अपेम लाइव : चंदवारा**

**धीरज कुमार**




अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे परिजन

जयनगर थाना अंतर्गत डंडाडीह निवासी ओम कुमार साव की हत्या में शामिल अभियुक्तों की गिरफ्तारी चार माह बीत जाने के बाद भी नहीं होने से नाराज मृतक के पिता राजू साव एवं मां कोशिला देवी सहित दर्जनों ग्रामीणों ने 28 सितंबर से पुलिस अधीक्षक कार्यालय कोड. रमा के समक्ष अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे गये हैं। इस भूख हड़ताल को भाकपा जिला परिषद कोड. रमा द्वारा समर्थन दी गई है। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि अभियुक्तों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे परिजनों पर 28 सितंबर की रात्रि कोडरमा पुलिस एवं डोमचांच पुलिस राजू साव एवं उनकी पत्नी को धमकाया गया एवं झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दी। साथ ही भाग जाने को कहा गया। इस घटना कि भाकपा जिला परिषद कोडरमा निंदा करती है एवं विभागीय कार्रवाई की मांग करती है। मौके पर जिला मंत्री प्रकाश रजक ने कहा कि आंदोलन करना संवैधानिक अधिकार है। उन्होंने कहा कि प्रशासन ताकत से आवाज को दबाना चाहती है। उन्होंने कहा कि इससे आवाज दबेगा नही बल्कि आंदोलन तेज होगा। भाकपा जिला परिषद कोड. रमा एक अक्टूबर को राजू साव के भूख हड़ताल के समर्थन में एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी के सवाल को लेकर भाकपा जिला परिषद कोडरमा जिला समाहरणालय के समक्ष प्रदर्शन करेगी। भाकपा जिला परिषद से भाकपा राज्य कार्यकारिणी सदस्य एवं जिप सदस्य चंदवारा महादेव राम सीप. ीआई जिला मंत्री प्रकाश रजक, उप प्रमुख वीरेंद्र यादव, अंचल मंत्री अर्जुन यादव, रामेश्वर यादव, पुरुषोत्तम यादव, विनोद यादव, महिला नेत्री सोनिया देवी, अंचल मंत्री धनंजय यादव, बतासिया देवी, सुमित्रा देवी, जितनी देवी, भगिया देवी, फुलवा देवी, गुड़िया देवी, सरिता देवी, विसुनी देवी, कोशीला देवी, आरती देवी, मिथिलेश कुमार साव, गया महतो, लाला सिंह ने भूख हड़ताल स्थल पर आकर समर्थन किया एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी की मांग किया। ज्ञात हो कि ओम कुमार साव की हत्या डोमचांच थाना अंतर्गत ग्राम बुचीटांड में कर दी गई थी।

दिनांक: 29-09-2021

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

पेज सं0: 04

# विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के बहुउद्देशीय भवन एवं डिजिटल स्टूडियो का उद्घाटन समारोह में झारखंड के राज्यपाल हुए शामिल

## शिक्षा का स्तर एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार देश व प्रदेश का भविष्य तय करता है : राज्यपाल

**अपेम लाइव : हजारीबाग**

विनोबा भावे विश्वविद्यालय परिसर में नवनिर्मित बहुद्देशीय भवन एवं डिजिटल स्टूडियो के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि महामहिम राज्यपाल रमेश बैस शामिल हुएद्य इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर स्थित सभागार में अपने संबोधन में कहा कि समाज व राष्ट्र के विकास में शिक्षा की अहम भ.ूमिका होती हैद्य वैश्वीकरण के इस दौर में हमें अपने विद्यार्थियों को हर हाल में गुणात्मक शिक्षा प्रदान करनी होगी ताकि वे अपने ज्ञान व कौशल से रोजगार हासिल कर सके. विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा मिले इसके लिए हमें हमेशा प्रयासरत रहना है हमारा यह दायित्व होना चाहिए कि हमारे विद्यार्थियों में महिलाओं के प्रति सम्मान, व्यक्तिगत जीवन में सत्य और ईमानदारी, आचरण में अनुशासन एवं आत्म संयम तथा कार्य में दायित्व की भावना विकसित हो. हमारा प्रयास सभी को उच्च शिक्षा मिले इस ओर होना चाहिए,शिक्षा से ही लोगों में जागरूकता आती है और सामा.जिक कुरीतियों का अंत होता हैद्य शिक्षा की गुणवत्ता व सबके लिए समान शिक्षा के अवसर सुनिश्चित करने के लिए ग्रामीण सरकारी स्कूलों में गणित, विज्ञान व अंग्रेजी विषयों के शिक्षकों के रिक्त पदों को भरा जाना अति आवश्यक है। साथ ही उन्होंने कहा शिक्षा या स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में आधारभूत मानव संसाधन व आधारभूत ढांचे के सुदृढ़ीकरण में विशेष फोकस रहेगा। उन्होंने कहा कि समस्त विश्व विगत डेढ़ वर्ष से कोरोना का सामना कर रहा है,जन सहयोग एवं चिकित्सा जगत से जुड़े कर्मियों की सेवा एवं समर्पण के कारण हम इस चुनौती का सामना करने में सफल हो पाए हैंद्य कोरोना महामारी जैसी विषम परिस्थिति का हमारी शिक्षा व्यवस्था पर भी व्यापक प्रभाव पड़ा हैद्य कोविड-19 के गंभीर संकट के समय अ०नलाइन शिक्षा ही एकमात्र विकल्प के रूप में सामने आया ऐसे में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त डिजिटल स्टूडियो का सार्थक निर्माण चुनौतियों को अवसर में बदलने का जीवन प्रमाण हैद्य शिक्षकों को अपने ज्ञान और वि.विधता का प्रसार करने में यह एक बड़ा अवसर प्रदान करेगा जिससे वर्तमान में विद्यार्थियों को लाभान्वित होने के साथ-साथ भविष्य के लिए भी धरोहर का केंद्र बनेगाद्य यूट्यूब एवं अन्य संचार के माध्यम से डिजिटल स्टूडियो का लाभ वै.श्विक स्तर पर होगा। बहुउद्देशीय भवन विद्यार्थियों,



कार्यक्रम का उद्घाटन करते राज्यपाल सांसद व अन्य



पुस्तक का विमोचन करते हुए

कर्मचारियों के लिए इंडोर खेलों की सुविधा से भरपूर है इससे खेल भावना के विकास में अहम भूमिका निभाएगाद्य उन्होंने कहा कि मेरा यह विश्वास है कि विश्वविद्यालय परिसर के साथ-साथ आसपास के पीड़ित जनों की सेवा हेतु फिजियोथैरेपी जैसे उपयोगी पा.ठ्यक्रम का केंद्र भी होगा। सेवा, रोजगार परक शिक्षा तथा खेल तीनों की अद्भुत त्रिवेणी का निर्माण कोविड-19 काल में अपने आप में एक प्रशंसनीय कार्य है। हमारे राज्य के विश्वविद्यालय सिर्फ देश ही नहीं बल्कि विश्व के बेहतर विश्वविद्यालयों में अपना नाम स्थापित करें यह हमारा प्रयास एवं सपना है इसके लिए शिक्षण संस्थानों को एक बेहतर माहौल कायम करने की दिशा में गंभीरतापूर्वक ध्यान देने की जरूरत है। अच्छा माहौल नहीं रहेगा तो ना विद्यार्थी पढ़ पाएंगे और ना शिक्षक पढ़ा पाएंगे हमें ऐसा वातावरण विकसित करना होगा जो शिक्षण संस्थानों में सर्वत्र ज्ञान का माहौल प्रदान क र ` । अंत में उन्होंने कहा कि हमें विज्ञान और कला दोनों के समन्वय के माध्यम से अपने सांस्कृतिक व नैतिक मूल्यों तथा संवेदना के साथ विकास के पथ पर अग्रसर होना हैद्य पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ नैतिक एवं चारित्रिक विकास भी बहुत महत्वपूर्ण है और हमें इस पर भी ध्यान देना है। यह विश्वविद्यालय छात्रहित में सदैव विभिन्न प्रकार के दायित्वों का समर्पित भाव से निर्वहन करेगा और विद्यार्थियों को एक बेहतर एवं जिम्मेदार नागरिक के रूप में विकसित करने की दिशा में प्रयत्नशील रहेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा का स्तर और स्वास्थ्य सुविधाओं के स्तर पर ही किसी प्रदेश का भविष्य निर्भर करता है,इस संदर्भ में झारखंड के राज्यपाल के रूप में आधारभूत संसाधनों की कमी को दूर करने की हरसंभव कोशिश रहेगी। उन्होंने अपने संबोधन में सरक.ारी विद्यालयों खासकर सुदूरवर्ती क्षेत्रों में विज्ञान,गणित, अंग्रेजी जैसे विषयों के शिक्षकों के रिक्त पदों को भरा जाना अत्यंत ही महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ठ अतिथि हज़ारीबाग सांसद जयंत सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा हजारीबाग का गौरवशाली इतिहास, प्राकृतिक सौंदर्य, खनिज संपदा, भौगोलिक स्थिति यहां की पहचान हुआ करती थी। परंतु अब विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कारण हजारीबाग शिक्षा के एक नए केंद्र के रूप में स्थापित हो चुका है। उन्होंने कहा विश्वविद्यालय में आज डिजिटल लैब एवं मल्टीपरपस ह०ल के बन जाने से यह पढ़ रहे छात्र छात्राओं एवं स्थानीय जनता को इसका लाभ मिल पाएगा। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में अत्याधुनिक शोध एवं विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान को आम लोगों तक पहुंचाने के लिए माध्यम को सुगम बनाने के लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। इस दौरान सांसद जयंत सिन्हा ने राज्यपाल से हजारीबाग मेडिकल क०लेज में फैकल्टी की कमी को दूर करने, विश्वविद्यालय परिसर में सेंटर फ०र ट्राइबल स्टडीज स्थापित करने की मांग रखी। इस दौरान विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति ड० मुकुल नारायण देव ने अतिथियों का स्वागत भाषण करते हुए विश्वविद्यालय की उपलब्धियों को साझा किया। साथ ही ल०कडाउन के दौरान विश्वविद्यालयों में शिक्षण व्यवस्था संचालन के लिए अ०नलाइन माध्यम से पाठ्यक्रम का संचालन की जानकारी दी। साथ ही आपदा काल में विश्वविद्यालय में आधारभूत सं.रचना के विकास के लिए किए गए प्रयासों की जानकारी देते हुए डिजिटल स्टूडियो की स्थापना एवं बहुत देशीय भवन के निर्माण की जानकारी दी। पुस्तकों का विमोचनरू-मौके पर अमेरिका का इतिहास प्रोफेसर शत्रुघ्न पांडे, संत कोलंबा क०लेज, सस्टेनेबल डेवलपमेंट अ०फ इंडिया प्रोफेसर सन्याल विश्वविद्यालय शिक्षक, केदारनाथ की कविता में लोकरंग प्रोफेसर सुनील कुमार दुबे फ्यूचरिस्टिक जनरल के पुस्तकों का विमोचन राज्यपाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल के अलावे हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा,कुलपति मुकुल नारायण देव,प्रमंडलीय आयुक्त कमल ज०न लाकड़ा,जिला एवं सत्र न्यायाधीश, प्रति कुलपति अजीत कुमार सिन्हा, पुलिस महानिरीक्षक,उपायुक्त,पुलिस अधीक्षक सहित अन्य विश्वविद्यालयों के कुलपति सहित अन्य गण्यमान्य उपस्थित थे।

# विद्युत तार की चपेट में आने से किसान की मौत

**अपेम लाइव : चंदवारा**

**धीरज कुमार**

सतगावां थाना क्षेत्र के माथाखैरा में बुधवार को विद्युत की चपेट में आने से एक किसान की मृत्यु होने का मामला प्रकाश में आया है। बताया जाता है कि माथाखैरा निवासी शंकर चौधरी 32 वर्ष पिता नारायण चौधरी अपने धान खेत मे पानी पटाने के लिए गये थे। इसी क्रम में विधुत की चपेट में आ गए और उसकी मृत्यु घटना स्थल



शव के साथ रोते बिलखते परिजन

पर ही हो गई।वहां घास काटने गई महिलाएं ने गीरा हुआ देख उठाने गये तो उसे भी विधुत का झटका लग गया।तब आनन फानन मे घर आकर उसकी सुचना ग्रामीणों को दिये।इसके बाद ग्रामीण व परिजन वहां पहुंचकर शव को गांव लाया और इसकी सूचना सतगावां थाना को दी सुचना पाकर सतगावां पुलिस महथाखैरा पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पा.ेस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया। इधर घटना के बाद घर वालों को रो-रो कर बूरा हाल है।

# कीचड़ मे तब्दील हुआ नवडीहा - सदाफर मुख्य मार्ग, किसी का ध्यान इस ओर नही

**अपेम लाइव :चौपारण**

**धीरज प्रजापति**

चौपारण के बहेरा पंचायत अंतर्गत नवडीहा-सदफार मुख्य मार्ग कीचड़ मे तब्दील हो गया है। बरसात मे इस मार्ग का स्थिति काफी दयनीय हो जाती है, लोगो को चलना मुसाकिल हो जाता है। हल्का बरिश होने के बाद भी इस रोड का स्थिति चलने लाइक नही रहता है। ग्रामीणों ने कई बार इस मार्ग को बनाने का मांग किए लेकिन उन्है सिर्फ आश्वासन ही मिला। ग्रामीण कहते है कि खराब सड़क होने के वजह से कई बार गाडिय़ा फंस तथा पलट जाती है। इस सड़क से स्कुल के बस के साथ साथ हर दिन हजारों लोग गुजरते है।



कीचड़ में तब्दील मुख्य मार्ग

# सरकार काले कानूनों को वापस ले, वरना होगा पुरजोर आंदोलन : विनोद यादव

## कृषि कानून के विरोध सर्वदलीय धरना प्रदर्शन का आयोजन

**अपेम लाइव :बरही/ हजारीबाग**

हजारीबाग जिला के सर्वदलीय पार्टियों के द्वारा आज किसानों के काले कानूनों को लेकर एक दिवसीय धरना दिया गया जिसमें मुख्य रूप से पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता, जिला अध्यक्ष कांग्रेस अवधेश सिंह, जेएमएम के जिला अध्यक्ष शंभु यादव, राजद सीपीआई माले के सारे जिला अध्यक्षों व जिला के पदाधिकारियों के साथ में बरही विधानसभा के विधायक प्रतिनिधि कांग्रेस जिला महासचिव विनोद यादव भी शामिल हुए। विनोद यादव ने कहा की अगर सरकार इस काले कानून को वापस नहीं लेती है तो हम और हमारी पार्टी पुरजोर तरीके से पूरे देश में चक्का जाम करने के काम करेगी। यह भाजपा की सरकार जो किसानों को खून चूसने का काम कर रही है और किसानों के प्रति झूठे वादे कर बरगलाने का जो काम कर रहे हैं अब जनता के साथ किसान भी जान चुकी हैं। आने वाले दिनों में अगर भाजपा इस कानून को वापस नहीं लेती है तो इसे बंगाल की खाड़ी में उखाड़ फेंकने का हमलोग काम करेंगे



सर्वदलीय धरना प्रदर्शन में शामिल बिनोद यादव एवं अन्य

APEM LIVE

# विश्व हृदय दिवस पर चित्रांकन प्रतियोगिता आयोजित

**अपेम लाइव:विष्णुगढ़**

**मिथलेश कुमार वर्मन**

विश्व हृदय दिवस पर बुधवार को विष्णुगढ़ प्लस टू उच्च विद्यालय में चित्रांकन प्रतियो.गिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कई छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। चित्रांकन द्वारा बच्चों ने कैनवास पर हृदय रोग की सुरक्षा से सं.बंधित कई तरह के संदेश उक.ेरे। जिसकी सभी ने सराहना की। इनमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी शालिनी कुमारी को प्रथम, तन्नू कुमारी द्वितीय तथा सोनू कुमार तृतीय स्थान से पुरुस्कृत किया गया। वहीं, विश्व हृदय दिवस पर विद्यालय परिसर में इक्को क्लब द्वारा पौधरोपण भी किया गया। जिसमें अलका कुमारी प्रथम, ईशा कुमारी द्वितीय, दीपक कुमार तृतीय तथा नैतिक राज चौथे स्थान पर रहे। कार्यक्रम में एचएम नरेन्द्र कुमार, तरनी सेन मांजी, शक्तिपद महतो, सुनील कुमार, सूरजदेव मरांडी, दिनेश कुमार आदि मौजूद थे। कार्यक्रम गोविंद कुमार गुप्ता तथा दौलत महतो बीएड क०लेज के प्रशिक्षु शिक्षकों की देखरेख में संपन्न किया गया।



चित्रांकन प्रतियोगिता में शामिल विद्यार्थी. एवं शिक्षक

डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, धनंजय कुमार एडिटिंग: कृष्णा प्रजापति मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार, कपिल प्र० केशरी